जनता कालेज, बकेवर, इटावा में मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण की कार्यक्रम श्रृंखला में आज दिनांक 25 अक्टूबर, 2023 को परामर्श सत्र एवं नारी समानता के अधिकार पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार यादव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में बताया। मिशन शक्ति कार्यक्रम प्रभारी डॉ नालनी शुक्ला ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आबादी की आधी शक्ति नारी है। तथा कहा की मातृशक्ति की ग्रहणी से लेकर अंतरिक्ष तक सहभागिता है फिर भी कहीं ना कहीं समाज में फैली कुरीतियों के कारण नारी शक्ति का शोषण हो रहा है उसी को जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाया जा रहा है । रोबर्स रेंजर्स प्रभारी एवं कीड़ा अधीक्षक डॉ ज्योति भदौरिया ने मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण की कार्य योजना प्रस्तुत किया। जिसमें छात्राओं के व्यायाम, योग, मार्शल आर्ट, महिला सुरक्षा हेतु संचालित सरकारी योजनाओं का प्रसार तथा चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो जैसे सामाजिक मुद्दों पर विचारों को साझा किया। संगोष्ठी के अध्यक्ष एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी जी ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की मातृशक्ति हमारी आधी शक्ति है जिसके सम्मान व स्वाभिमान के लिए आज हम सब मिलकर सबको जागरूक करेंगे । उन्होंने बताया की आजादी के बाद ही नारी सशक्तिकरण के लिए कई कानून बनाए गए जिनमें हिंदू एक्ट, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, दहेज प्रथा निवारक अधिनियम, समान पारिश्रमिक एक्ट, पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पीके राजपूत जीने मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए साइबर क्राइम, बालिका सुरक्षा पर अपने विचारों से छात्राओं का ज्ञान वर्धन किया। राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी श्री ब्रह्मानंद जी ने बालिका स्वास्थ्य क्लब के बारे में बताया तथा पोषण जागरूकता पर छात्र- छात्राओं का ज्ञान वर्धन किया। तथा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में बकेवर कस्बे में मिशन शक्ति के प्रति जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । जिसका शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राएं, राष्ट्रीय सेवा योजना के 85 स्वयंसेवक व 75 राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।


6/4 UP NCC Coy.
JANTA COLLEGE BAKEWAR, ETAWAH





## 19. "स्वैच्छिक रक्तदान एवं नि:शुल्क मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम हेतु जागरूकता कार्यक्रम" दिनांक:25.10.2023

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं पूर्व छात्र समिति के संयुक्त तत्वाधान में *स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर* 27 अक्टूबर को आयोजित होगा | स्वैच्छिक रक्तदान शिविर हेतु पूर्व जन जागरूकता के लिए उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई की टीम ने डॉ राजन मिश्रा डॉ. नूरैन अहमद के निर्देशन में कॉलेज के छात्र -छात्राओं को रक्तदान के लाभ बताते हुए उद्बोधन दिए जिसमें उन्होंने बताया कि रक्तदान से रोग प्रतियोगिता क्षमता में वृद्धि होती है, रक्तबसा, थायराइड ,रक्तचाप और हृदय रोगों में रक्तदान कमी करके हार्मोनल प्रोफाइल के स्तर में सुधार करता है| खून का गाढ़ापन जो कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने से होता है, रक्तदान करने से खून पतला हो जाता है| एक व्यक्ति का रक्तदान तीन जरूरतमंद मरीजों की जान बचाता है, रक्तदान से कमजोरी नहीं आती है | एनीमिया जागरूकता एवं परामर्श हेतु स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ममता सिंह की उपस्थिति रहेगी| जनसंपर्क अभियान रैली के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की| प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी द्वारा झंडी दिखाकर प्रचार वाहन के साथ छात्र-छात्राओं को पूर्व जन जागरूकता हेतु नगर भ्रमण करके कार्यक्रम संबंधित सूचना पत्रकों को वितरित कर नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कार्यक्रम हेतु पूर्व जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी, मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ अशोक कुमार पांडेय, पूर्व छात्र समिति के अध्यक्ष श्री अनिल दीक्षित , पूर्व छात्र समिति सचिव कुलदीप अवस्थी , स्वास्थ्य प्रकोष्ठ संयोजक डॉ एम पी सिंह, डॉ नलिनी शुक्ला, डॉ ज्योति भदौरिया ,डॉ इंदु बाला मिश्रा ,एनसीसी प्रभारी प्रो. ब्रह्मानंद, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. मनोज यादव डॉ ललित गुप्ता ,डॉ. नवीन अवस्थी, अजित प्रताप अग्निहोत्री, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ दिव्य ज्योति मिश्र , डॉ इंदु बाला मिश्रा,पवन कुमार सक्सेना, देवेश चतुर्वेदी, सुबोध शुक्ला , अश्वनी कुमार मिश्रा ,अजय कुमार शर्मा, मनोज दीक्षित आकाश चौधरी,अनुज कठेरिया आदि सहित तनु दुबे, दीप्ति ,लक्ष्मी ओझा ,केशव आदि तीन सैकड़ा से अधिक एन.सी.सी., एन.एस.एस.,रेड रिबन क्लब आदि कॉलेज परिवार के छात्र -छात्राओं की उपस्थिति एवं सहयोग रहा |


जनता कालेज
बकेवर (इटावा)
स्वैच्छिक रक्तदान जागरूकता


जनता कालेज



# आनंद स्वरूप मिश्र जयंती समारोह 27-28 को

# स्वैच्छिक रक्तदान एवं मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगेगा, जागरूकता रैली निकली

इटावा , २५ अक्टूबर (निप्र)। जनता क लेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंद स्वरूप मिश्र जयंती समारोह- २०२३ के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस मेदांता द मेडिसिटी हास्पिटल गुरुग्राम हरियाणा एवं पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर द्वारा पूर्व छात्र समिति के संयोजन में २७ अक्टूबर शुक्रवार को प्रातः १० बजे से मल्टी स्पेशलिटी निरूशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर जरूरतमंद मरीजों के पंजीकरण के साथ शुभारंभ होगा एवं उसी दिन उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई के सहयोग से आयोजित होने वाले स्वैच्छिक रक्तदान शिविर हेतु पूर्व जन जागरूकता के लिए उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान संस्थान




सैफई की टीम ने डा राजन मिश्रा डा. नूरैन अहमद के निर्देशन में कालेज के छात्र -छात्राओं को रक्तदान के लाभ बताते हुए उद्बोधन दिए जिसमें उन्होंने बताया कि रक्तदान से रोग प्रतियोगिता क्षमता में वृद्धि होती है, रक्तबसा, थायराइड, रक्तचाप और हृदय रोगों में रक्तदान कमी करके हार्मोनल प्रोफाइल के स्तर में सुधार करता है। खून का गाढ़ापन जो कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने से होता है, रक्तदान करने से खून पतला हो जाता है। एक व्यक्ति का रक्तदान तीन जरूरतमंद मरीजों की जान बचाता है, रक्तदान से कमजोरी नहीं आती है। एनीमिया जागरूकता एवं परामर्श हेतु स्त्री रोग विशेषज्ञ ड ममता सिंह की उपस्थिति रहेगी।

जनसंपर्क अभियान रैली के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता कीय प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी द्वारा झंडी दिखाकर प्रचार वाहन के साथ छात्र-छात्राओं को पूर्व जन जागरूकता हेतु नगर भ्रमण करके कार्यक्रम संबंधित सूचना पत्रकों को वितरित कराया गया।

जयंती कार्यक्रम के द्वितीय दिवस २८ अक्टूबर को छात्रों को पदक एवं पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

---

दीक्षित ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। (संवाद)

## जनता कॉलेज में स्वास्थ्य परामर्श शिविर कल

**बकेवर।** जनता कॉलेज के संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंदस्वरूप मिश्र जयंती समारोह- 2023 के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पहले दिन मेदांता द मेडिसिटी हॉस्पिटल गुरुग्राम एवं पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर की पूर्व छात्र समिति के संयोजन में शुबह दस बजे से मल्टी स्पेशलिटी निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर की शुरूआत होगी। दूसरे दिन 28 अक्टूबर को छात्रों को पदक एवं पारितोषिक वितरण समारोह होगा। इसमें छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक और सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया के उपस्थित रहेंगे। संवाद

## 20. एक दिवसीय शिविर "स्वैच्छिक रक्तदान एवं नि:शुल्क मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम" दिनांक:27.10.2023

जनता कॉलेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेटरी श्री आनंदस्वरुप मिश्र जयंती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति जनता कालेज बकेवर के संयोजन में मेदांता द मेडिसिटी हॉस्पिटल गुरुग्राम, हरियाणा एवं पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर के संयुक्त सहयोग से एक दिवसीय नि:शुल्क मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, शिविर का उद्घाटन शुभारंभ डॉ प्रभात कुमार सिंह,कुलपति ,उ.प्र.आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई इटावा के मुख्य आतिथ्य में कालेज प्रबंध समिति सचिव श्री अरविन्द कुमार मिश्र , प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी, प्रो. आशा शुक्ला, डॉ आदित्य बाजपेई, डॉ रवींद्र शुक्ला, श्री अमर नाथ जी गीता जयंती प्रांतीय संयोजक , डॉ उमेश चंद्र पालीवाल निदेशक पालीवाल डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड कानपुर, अनिल दीक्षित अध्यक्ष पूर्व छात्र समिति एवं कुलदीप अवस्थी सचिव पूर्व छात्र समिति के कुशल नेतृत्व में सरस्वती पूजन माल्यार्पण एवं संस्थापक सेक्रेटरी श्री आनंद स्वरूप मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ शुभारंभ किया गया । अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट करके किया गया | मुख्य अतिथि डॉ प्रभात कुमार सिंह ने जनता कॉलेज बकेवर द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वच्छ रक्तदान शिविर के आयोजन के द्वारा आम जनमानस के आरोग्य एवं स्वास्थ्य-रक्षण हेतु प्रतिबद्ध जनता कॉलेज बकेवर के प्रयास को प्रासंगिक बताते हुए प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह का प्रयास अन्य शिक्षण संस्थानों को अनुकरणीय है |

शिविर में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम से पधारे वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ एस के तनेजा , न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय शर्मा, औषधि विशेषज्ञ डॉ ईशान बंदन , उ. प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई इटावा से डॉ. अखिलेश कुमार सिंह जनरल मेडिसिन ,डॉ राजेंद्र मिश्रा ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन , डॉ. अतुल कुमार यादव अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ नरेंद्र गुप्ता नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ अनुराधा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. अशोक चौरसिया बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ सतीश सर्जन, डॉ. दीक्षा ,डॉ.नित्या दंत रोग विशेषज्ञ आदि सहित रजत, गुंजन, रमन गुप्ता ,मनीष, अजीत, आलोक शुक्ला ,राकेश कुमार मीणा, प्रेमलाल, केदारमल शर्मा आदि लैब टेक्नीशियन एवं पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से लगभग 708 मरीजो का नि:शुल्क परीक्षण किया गया, जिसमें हृदय रोग के लगभग 206 मरीजों का परीक्षण, न्यूरो के 25, सर्जरी के 28, फिजिशियन 88, गैस्ट्रो रोग के लगभग 69 मरीज देखे गए , दंत रोग के 65, स्त्री रोग 67 , नेत्र रोग 103, हड्डी रोग विशेषज्ञ 43, डाइटिशियन ने लगभग 200 लोगो आदि सहित अन्य मरीजों सहित लगभग 708 मरीजों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत जरूरतमंद मरीजों को दवा वितरण किया गया, शिविर में ई सी जी, ब्लड शुगर,

ब्लड प्रेशर, बीएमडी, नेत्र रेटिना आदि की निःशुल्क जांचें की गई ।इस अवसर पर मेदांता समूह द्वारा सभी पंजीकरण कराने वाले रोगियों को विशेष लाभ प्रदान करने की घोषणा की गई, जिसके लिए आयोजित इस शिविर की मुहर लगना आवश्यक है। शिविर का समापन अतिथिगण चिकित्सकों को जनता कॉलेज बकेवर परिवार द्वारा अंग वस्त्र ओढ़ाकर तथा प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, मेदांता समूह चिकित्सकों तथा सहयोगी स्टाफ को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। 15 से अधिक विभिन्न बीमारियों से संबंधित निशुल्क परामर्श वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा प्रदान करने पर क्षेत्रवासियों द्वारा बाहर से आए हुए सभी चिकित्सको की सराहना की एवम् उनका आभार व्यक्त किया गया। शिविर के आयोजन में मेदांता प्रतिनिधि इटावा श्री गोपाल तिवारी जी की विशेष भूमिका रही ।स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सहभागी रक्तदाताओं के नाम- शुभ तिवारी, उदित राज,आदित्य कुमार बाजपेई ,राजेंद्र कुमार सिंह, शिवेंद्र सिंह ,प्रगति ,यश, सलोनी ,प्रतीक, निधि, सुनीता आदित्य, निखिल मौर्य ,अभिषेक कुमार, प्रतीक दीक्षित आदि कुल 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया |

प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने पूर्व छात्र समिति के कार्यकारिणी सदस्यों ,एन सी सी केडेट्स, एन. एस.एस. के वॉलिंटियर छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न विभागों के छात्र छात्राओ एवं कॉलेज परिवार के सभी सहयोगियों के द्वारा दिन भर परिश्रम कर कार्यक्रम को बेहद सफल बनाने के लिए विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय गणमान्य लोगों की उपस्थित रही ।








# शिविर में 708 मरीजों का हुआ परीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** जनता कॉलेज के संस्थापक सेक्रेटरी आनंद स्वरूप मिश्र जयंती समारोह के अवसर पर कॉलेज की पूर्व छात्र समिति की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें विभिन्न रोगों के 708 मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परीक्षण किया।

शनिवार को मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम, हरियाणा के चिकित्सकों, पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर के संयुक्त सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का जनता कॉलेज, बकेवर में आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने किया।

शिविर में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस के तनेजा, न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय शर्मा, औषधि विशेषज्ञ



स्वास्थ्य शिविर में रक्तदान करती छात्रा। संवाद

## जनता कॉलेज बकेवर में पूर्व छात्र समिति की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया

### 30 लोगों ने किया रक्तदान

डॉ. ईशान वंदन, उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, डॉ. राजेंद्र मिश्रा, डॉ. अतुल कुमार यादव, डॉ. नरेंद्र गुप्ता, डॉ. अनुराधा, डॉ.अशोक चौरसिया, डॉ. सतीश सर्जन, डॉ. दीक्षा,डॉ.नित्या आदि ने सेवाएं दीं। शिविर में हृदय रोग के 206 मरीज, न्यूरो के 25, सर्जरी के 28, फिजिशियन 88, गैस्ट्रो के 69, दंत रोग के 65, स्त्री रोग 67, नेत्र रोग के 103, हड्डी रोग के 43, डाइटिशियन के 200 मरीजों का चिकित्सकों ने परीक्षण किया। मरीजों को दवा भी वितरण की गई।

इसके साथ ही ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बीएमडी, नेत्र रेटिना आदि की निशुल्क जांचें की गईं। रक्तदान शिविर में 30 रक्तदाताओं ने स्वेच्छापूर्वक रक्तदान किया। इनमें शुभ तिवारी, उदित राज,आदित्य कुमार बाजपेई,राजेंद्र कुमार सिंह, शिवेंद्र सिंह,प्रगति,यश, सलोनी,प्रतीक, निधि, सुनीता, आदित्य, निखिल मौर्य, अभिषेक कुमार, प्रतीक दीक्षित आदि शामिल हैं। इस दौरान कॉलेज प्रबंध सचिव अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्रो.आशा शुक्ला, डॉ.आदित्य बाजपेई, डॉ. रवींद्र शुक्ला, अमर नाथ आदि उपस्थित रहे।प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने पूर्व छात्र समिति के कार्यकारिणी सदस्यों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस समेत विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ का आभार जताया।

**नेक कार्य** मेदांता हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने परीक्षण करने के बाद दवाइयां वितरित की

# शिविर में 708 मरीजों की जांची गई सेहत

संवाददाता बकेवर, इटावा



चिकित्सा शिविर में उपचार कराने के लिए उमड़े क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार को जनता कालेज बकेवर में संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंद स्वरूप मिश्र जयंती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति जनता कालेज बकेवर के संयोजन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के चिकित्सकों और पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर के संयुक्त सहयोग से मरीजों को निशुल्क जांच एवं उपचार किया गया। शिविर का उद्घाटन कुलपति उ.प्र.आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने किया।

शिविर में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ एस के तनेजा , न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय शर्मा, औषधि विशेषज्ञ डॉ. ईशान वंदन , उ. प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई इटावा से डॉ. अखिलेश कुमार सिंह जनरल मेडिसिन ,डॉ. राजेंद्र मिश्रा ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन , डॉ. अतुल कुमार यादव अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. नरेंद्र गुप्ता नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. अनुराधा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. अशोक चौरसिया बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ सतीश सर्जन, डॉ. दीक्षा ,डॉ.नित्या दंत रोग विशेषज्ञ आदि सहित रजत, गुंजन, रमन गुप्ता ,मनीष, अजीत, आलोक शुक्ला ,राकेश कुमार मीणा, प्रेमलाल, केदारमल शर्मा आदि लैब टेक्नीशियन एवं पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से लगभग 708 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत जरूरतमंद मरीजों को दवा का वितरण भी किया गया, शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बीएमडी, नेत्र रेटिना आदि की निःशुल्क जांचें की गईं। कालेज प्रबंध समिति अरविन्द कुमार मिश्र , प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्रो. आशा शुक्ला, डॉ आदित्य बाजपेई आदि रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 708 लोगों ने कराया परीक्षण

**संवाद सूत्र, बकेवर :** जनता कालेज के संस्थापक और सेक्रेटरी आनंद स्वरूप मिश्र की जयंती के अवसर पर पूर्व छात्र समिति जनता कालेज के संयोजन में मेदांता अस्पताल गुरुग्राम, हरियाणा एवं पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर के संयुक्त सहयोग से एक दिवसीय निश्शुल्क मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के प्रतिकुलपति डा. प्रभात कुमार सिंह ने आनंद स्वरूप मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि डा. प्रभात कुमार सिंह ने कहा, इस तरह का प्रयास अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए अनुकरणीय है। शिविर में मेदांता हास्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एसके तनेजा, न्यूरो सर्जन डा. विजय शर्मा, औषधि विशेषज्ञ डा. ईशान बंदन, उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के डा. अखिलेश कुमार सिंह, डा. राजेंद्र मिश्रा, डा. अतुल कुमार यादव, डा. नरेंद्र गुप्ता, डा. अनुराधा, डा. अशोक चौरसिया, डा. सतीश, डा. दीक्षा, डा. नित्या आदि ने पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से 708 मरीजों का परीक्षण किया गया। कालेज प्रबंध समिति सचिव अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्रो. आशा शुक्ला, डा. आदित्य बाजपेई, डा. रवींद्र शुक्ला आदि रहे।



जनता कालेज में आयोजित शिविर में रक्तदान करता छात्र उदय साथ में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . डा . प्रभात कुमार सिंह ( दाएं ) • जागरण

## 21. राष्ट्रीय एकता दिवस दिनांक: 31.10.2023

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृह मंत्री, भारत रत्न स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर *"राष्ट्रीय एकता दिवस"* मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कृषि संकाय के डीन डॉ अशोक कुमार पांडेय ने *सरदार वल्लभ भाई पटेल जी* के भारत को एक गणराज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एमपी यादव ने आज के इस विशेष कार्यक्रम में एकता के लिए संबोधित किया। उन्होंने *बारडोली सत्याग्रह* भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वर्ष 1928 में गुजरात में हुए एक प्रमुख किसान आंदोलन का नेतृत्त्व सरदार पटेल ने किया। उस समय प्रांतीय सरकार ने किसानों के लगान में तीस प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी थी । पटेल जी ने इस लगान वृद्धि का जमकर विरोध किया। इस आन्दोलन की सफलता के बाद वहाँ की महिलाओं ने वल्लभ भाई पटेल को *'सरदार'* की उपाधि प्रदान की। सरदार पटेल को गांधी जी की अहिंसा नीति ने प्रभावित किया । उसके उपरांत कार्यक्रम में *"एकता की दौड़"(Run for Unity)* कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ अशोक कुमार पांडेय ने स्वयंसेवकों को हरी झंडी दिखाकर एकता की दौड़ का शुभारंभ किया। एकता की दौड़ कार्यक्रम कालेज क्रीड़ा प्रांगण में छात्रों, छात्राओं एवं प्राध्यापकों की दौड़ कराई गई। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बनाकर *राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ* लिया तथा भारत की एकता, अखंडता एवं आंतरिक सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता के तहत एकता का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उन्होंने कहा कि किसी भी देश का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित होता है और सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार थे । राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को सदैव याद किया जायेगा। इस कार्यक्रम में कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पी के राजपूत, डॉ डीएन सिंह, डॉ. एमपी सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ संजीव कुमार, डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ योगेश शुक्ला, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ गोपीनाथ मौर्य डॉ सत्यार्थ मौर्य, अजीत अग्निहोत्री, मनोज दीक्षित, राजकुमार वर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के 98 स्वयं सेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया।



# पटेल जयंती पर रन फार यूनिटी में शिक्षक, बच्चे सभी दौड़े

संवाद न्यूज एजेंसी

जसवंतनगर। भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मंगलवार को राष्ट्रीय एकता व अखंडता दिवस के रूप में मनाई गई। एसपीएस ग्लोबल स्कूल जसवंतनगर के छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से प्रभात फेरी निकाल कर क्षेत्र में एकता का संदेश दिया।

इसके बाद विद्यालय में बच्चों के बीच चित्रांकन, व निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक आशुतोष यादव व प्रधानाचार्य लिपी फ्रांसिस ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

भरथना प्रतिनिधि के अनुसार, सरदार वल्लभ पटेल की जयंती पर लॉयंस क्लब भरथना रूपे रामे ने वृद्धाश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर के दौरान वृद्धाश्रम में रह रहे महिला पुरुष संवासियों को चैकअप कर दवाएं वितरित की गईं। क्लब पदाधिकारियों ने बुजुर्गों को फल भेंट किए। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मोहनसो अधीक्षक अमित दीक्षित की देखरेख में डॉ सुधांशु जैमन,डॉ राजेश कुमार, प्रभात कुमार, भूपेंद्र कुमार आदि स्वास्थ्य टीम द्वारा 39 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 18 वृद्ध जनों की शुगर जांच एवं 20 वृद्धजनों की आंखों की जांच की गई और निशुल्क दवा वितरण की गई।

इस दौरान लायन एमजेएफ डॉ प्रदीप चंद्र पांडे, लायन मो के शुक्ला, लायन सुबोध दीक्षित एडवोकेट, लॉयन भानु प्रताप वर्मा, अध्यक्ष लॉयन नवीन पोरवाल,सचिव लॉयन सुरेश सारस्वत,कोषाध्यक्ष लायन कुलदीप त्रिपाठी व लायन सुशांत उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

वहीं, पुलिस क्षेत्राधिकारी विनेश जाखड़ के नेतृत्व में कोतवाली कार्यालय से एकता दौड़ का आयोजन किया गया। एकता दौड़ के दौरान पुलिस कर्मियों ने कोतवाली से प्रमुख मार्गो समेत बाजार क्षेत्र में भी दौड़ लगाई। इस दौरान सीओ ने ऑटो आदि वाहनों को निर्धारित सवारियाँ संख्या बैठाने की हिदायत दी। इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम जैनेंद्र कुमार मिश्रा, एसआई सुरेश कुमार मौजूद रहे।

बकेवर प्रतिनिधि के अनुसार, जनता कॉलेज बकेवर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र छात्राओं के साथ प्राध्यापक भी रन फ़ॉर यूनिटी के लिए दौड़े। कॉलेज में देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृह मंत्री, भारत रत्न स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कृषि संकाय के डीन डॉ अशोक कुमार पांडेय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत को एक गणराज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण कराके भारतीय एकता का निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा की। मुख्य वक्ता डा एमपी सिंह यादव रहे।

रन फॉर यूनिटी की अध्यक्षता कर रहे डॉ अशोक कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में डॉ पी के राजपूत, डॉ जौहन सिंह, डॉ. एमपी सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ संजीव कुमार, डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ श्वेता शुक्ला, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ गोपीनाथ मौर्य डॉ सत्यार्थ मौर्य, अतीत अग्निहोत्री, मनोज दीक्षित, राजकुमार वर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के 98 स्वयं सेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया।

ताखा प्रतिनिधि के अनुसार, विकासखंड ताखा के प्राथमिक विद्यालय नगला मके में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती उपलक्ष्य राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इसके अन्तर्गत रन फॉर यूनिटी और ढोल, नगाड़ों, तिरंगा झंडों और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा लेकर विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों ने गांव में भ्रमण करते हुए प्रभात फेरी निकाली। बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का परिचय दिया। बच्चों ने और शिक्षकों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रामजी शर्मा, आदर्श कुमार, श्यामानन्द और समस्त रसोइया राजश्री, रेशमा देवी तथा मलखान सिंह उपस्थित रहे।

सैफई। जनता ज्ञान विकास जूनियर हाई स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य रैली निकाली। विद्यालय के प्रधानाचार्य नैन्स राज भदौरिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से चलकर पूरे बैदपुरा बाजार में भ्रमण किया जिसमें बच्चे नारे लगा रहे थे। बैदपुरा चौराहे पर कक्षा 8 की बच्ची ने राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझाया और सरदार पटेल अमर रहें के नारे का सभी बच्चों ने एक साथ जयघोष किया। बाद में सभी बच्चों को राष्ट्रीय एकता और देश की अखंडता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नैन्स राज भदौरिया, पृथ्वीराज सिंह चौहान, विजयपाल सिंह, दुर्वेश बाबू एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। रैली में क्षेत्र की गणमान्य व्यक्तियों ने भी हिस्सा लिया।



एसपीएस ग्लोबल स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रभात

## पुलिस ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली, मार्च पास्ट किया

इटावा। सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजयकुमार वर्मा के नेतृत्व में सुबह पुलिस कर्मचारियों राष्ट्रीय एकता की शपथ ली तथा रन फार यूनिटी के तहत दौड़ लगाई। शाम को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने हेतु इटावा पुलिस ने मार्च पास्ट किया। पुलिस लाइन से मुख्य मार्गों पर मार्च पास्ट किया। मार्च पास्ट का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना था कि राष्ट्रीय एकता से ही विकास व परस्पर सामंजस्य संभव है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर कपिल देव सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर इटावा अमित कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार

**चेतना कार्यालय**

**बकेवर।** जनता कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृह मंत्री, भारत रत्न स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कृषि संकाय के डीन डॉ.अशोक कुमार पांडेय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा भारत को एक गणराज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एमपी यादव ने आज के इस विशेष कार्यक्रम में एकता के लिए संबोधित किया। उन्होंने बारडोली सत्याग्रह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वर्ष 1928 में गुजरात में हुए एक प्रमुख किसान आंदोलन का नेतृत्व सरदार पटेल ने किया। उस समय प्रांतीय सरकार ने किसानों के लगान में तीस प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी थी । पटेल जी ने इस लगान वृद्धि का जमकर विरोध किया। इस आन्दोलन की सफलता के बाद वहाँ की महिलाओं ने वल्लभ भाई पटेल को सरदार की



उपाधि प्रदान की। सरदार पटेल को गांधी जी की अहिंसा नीति ने प्रभावित किया । उसके उपरांत कार्यक्रम में एकता की दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ अशोक कुमार पांडेय ने स्वयंसेवकों को हरी झंडी दिखाकर एकता की दौड़ का शुभारंभ किया। एकता की दौड़ कार्यक्रम कालेज क्रीड़ा प्रांगण में छात्रों, छात्राओं एवं प्राध्यापकों की दौड़ कराई गई। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ लिया तथा भारत की एकता, अखंडता एवं आंतरिक सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता के तहत एकता का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उन्होंने कहा कि किसी भी देश का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित होता है और सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार थे । राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को सदैव याद किया जायेगा। इस कार्यक्रम में कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पी के राजपूत, डॉ डीएन सिंह, डॉ. एमपी सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ संजीव कुमार, डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ योगेश शुक्ला, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ गोपीनाथ मौर्य डॉ सत्यार्थ मौर्य, अजीत अग्निहोत्री, मनोज दीक्षित, राजकुमार वर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के 98 स्वयं सेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया।



# पटेल जयंती पर रन फार यूनिटी में शिक्षक, बच्चे सभी दौड़े

संवाद न्यूज एजेंसी

जसवंतनगर। भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मंगलवार को राष्ट्रीय एकता व अखंडता दिवस के रूप में मनाई गई। एसपीएस ग्लोबल स्कूल जसवंतनगर के छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से प्रभात फेरी निकाल कर क्षेत्र में एकता का संदेश दिया।

इसके बाद विद्यालय में बच्चों के बीच चित्रांकन, व निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक आशुतोष यादव व प्रधानाचार्य लिली फ्रांसिस ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

भरथना प्रतिनिधि के अनुसार, सरदार वल्लभ पटेल की जयंती पर लॉयंस क्लब भरथना सर्व संघ ने वृद्धाश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर के दौरान वृद्धाश्रम में रह रहे महिला पुरुष संवासियों को चैकअप कर दवाएं वितरित की गई। क्लब पदाधिकारियों ने बुजुर्गों को फल भेंट किए। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सीएचसी अधीक्षक अंकित दीक्षित की देखरेख में डॉ सुधांशु तोमर, डॉ राजेश कुमार, प्रभात कुमार, भूपेंद्र कुमार आदि स्वास्थ्य टीम द्वारा 39 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 18 वृद्ध जनों की शुगर जांच एवं 20 वृद्धजनों की आंखों की जांच की गई और निशुल्क दवा वितरण की गई।




एसपीएस ग्लोबल स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रभात

इस दौरान लायन एमजेएफ डॉ प्रदीप चंद्र पांडे, लायन श्री के शुक्ला, लायन सुबोध दीक्षित एडवोकेट, लॉयन भानु प्रताप वर्मा, अध्यक्ष लॉयन नवीन पोरवाल,सचिव लॉयन सुरेश शास्त्र,कोषाध्यक्ष लायन कुलदीप त्रिपाठी व लायन सुशांत उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

वहीं, पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक जावला के नेतृत्व में कोतवाली कार्यालय से एकता दौड़ का आयोजन किया गया। एकता दौड़ के दौरान पुलिस कर्मियों ने कोतवाली से प्रमुख मार्गों समेत कस्बा क्षेत्र में भी दौड़ लगाई। इस दौरान सीओ ने ओटी आदि वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ा करने की हिदायत दी। इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम नरेंद्र कुमार मिश्र, एसआई सुरेश कुमार मौजूद रहे।

चकेरा प्रतिनिधि के अनुसार, जनता कॉलेज बकेवर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र छात्राओं के साथ प्राध्यापक भी रन फार यूनिटी के लिए दौड़े। कॉलेज में देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृह मंत्री, भारत रत्न स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कृषि संकाय के डीन डॉ अशोक कुमार पांडेय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत को एक गणराज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा की। मुख्य वक्ता डा एमपी सिंह यादव रहे।

